**5.1.4 Average percentage of students benefited by guidance for competitive examinations and career counselling offered by the institution during the last five years**






# विद्यार्थियों को आईएएस बनने के दिए टिप्स

## चंबा कॉलेज में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा पर पैनल चरचा में जिले के कई छात्रों ने लिया भाग

अमर उजाला ब्यूरो

चंबा। राजकीय महाविद्यालय चंबा के सभागार में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे आकांक्षी विद्यार्थियों के लिए पैनल चरचा का आयोजन किया गया।

चरचा के दौरान लोक सेवा परीक्षा आकांक्षी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा के बारे में विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई। इस चरचा के दौरान उपायुक्त चंबा विवेक भाटिया मुख्यातिथि और मुख्य पैनलिस्ट के रूप में मौजूद रहे। इस पैनल चरचा में जिलाधीश चंबा के अलावा अतिरिक्त उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल, एसडीएम चंबा शिवन प्रताप और आईएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

**उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने तैयारी सिलेबस समेत कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी**

सबसे पहले राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद आईएएस प्रोबेशनर सौरव जस्सल ने आईएएस की परीक्षा के लिए की जाने वाली तैयारी, किताबें, सिलेबस, विभिन्न चरण इत्यादि के बारे में बच्चों को विस्तार से बताया। इसके बाद जिलाधीश चंबा, एसडीएम चंबा, एडीसी ने विद्यार्थियों और आईएएस आकांक्षी विद्यार्थियों को विभिन्न परीक्षाओं संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया और उनका मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी अरविंद चौहान, प्रो. परविंदर, प्रो. अविनाश, डॉ. मनेश, डॉ. हेमंत, प्रो. सुमित और डॉ. प्रणीता मौजूद रहे।

## ऑटोमोबाइल विषय के विद्यार्थियों ने जानी वर्कशॉप की कार्यप्रणाली

डलहौजी (चंबा)। बाथरी स्कूल के ऑटो मोबाइल विषय के विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया। इसमें इंस्ट्रक्टर सर्वजीत सिंह और रोहित नरयाल की अगुवाई में विद्यार्थियों ने ऑटो वर्कशॉप पटना मोड़ के भ्रमण के दौरान विषय से संबंधित कई बारीकियां जानी। इस दौरान वर्कशॉप के प्रधान मेकेनिक राजेंद्र के मार्गदर्शन विद्यार्थियों ने गाड़ी का साधारण निरीक्षण, मरम्मत करना और सर्विस की जानकारी हासिल की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामपाल ने बताया कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को नई तकनीक की व्यावहारिक जानकारियां मिलती हैं। वर्तमान परिवेश में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान होना जरूरी है। भविष्य में भी इस तरह के औद्योगिक भ्रमण आयोजित किए जाएंगे। ब्यूरो





चम्बा : डिग्री कालेज चम्बा में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे आकांक्षी विद्यार्थियों के लिए सोमवार को आयोजित पैनल चर्चा कार्यक्रम के दौरान कालेज के प्रोफेसर तथा विद्यार्थी।

### भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए युवाओं को तैयार करने की नई पहल

# आई.ए.एस. की तैयारी करने वालों का बनाया जाएगा व्हाट्स एप ग्रुप

## स्टडी मैटीरियल मुहैया करवाया जाएगा



Career counselling/ Interactive session for IAS/ HAS and other competitive examinations By Saurav Jassal, IAS



Career counselling/ Interactive session for IAS/ HAS and other competitive examinations By Saurav Jassal, IAS





जिला स्तरीय रोजगार मेला









जिला स्तरीय रोजगार मेला





# रोजगार मेले में 270 युवाओं का चयन

## राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले का आयोजन

हिमाचल दस्तक। चंबा



जिला स्तरीय रोजगार मेला
15.11.2019


# 270 युवक-युवतियों को मिला र..गार

राजकीय महाविद्यालय में आयोजित हुआ रोजगार मेला, जिले के 900 बेरोजगारों ने आजमाई किस्मत




**Skill development & Skill Awareness Programme**





— रोजगार के अवसर —

# Distt. Employment Office, Chamba #

# An imp. programme was organised in the college. Officials from various deptt, institutions were present during the programme. DC Chamba Sh. Harikesh Meena was present during the function as chief guest

## चंबा कालेज में रोजगार पर बांटी जानकारी

**कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त हरिकेश मीणा ने कौशल विकास योजनाओं पर भी जगाया अलख**



Mission Competition Team with DC Chamba Sh. Harikesh Meena

NEET Coaching Team



**Graduate ad on Programme counselling**



Graduate ad on Programme counselling


Graduate ad on Programme counselling



**Graduate ad on Programme counselling**



**Graduate ad on Programme counselling**



**Career Counselling By District Coordinator HPKVN**



**General Career counselling session**



**General Career counselling session**



**General Career counselling session**



**General Career counselling session SDM Chamba Shivam pratap Singh**






**General Career counselling session**




# दृढ़ संकल्प से महिलाएं हासिल करें मुकाम

## चंबा कॉलेज में अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स कार्यक्रम का आयोजन




**General Career counselling session; Probationer IPS: Rajenderan Ji**



General Career counselling session



General Career counselling session: SDM Chamba, District employment Officer, Principal ITI



General Career counselling session: Vijay Kumar:HAS



**General Career counselling session DC Chamba- Vivek Bhatiya**



**General Career counselling session- ASP Raman Sharma**



General Career counselling session




Free coaching for IAS/ HAS
by VisionIAS/ Protsahan

राजकीय महाविद्यालय चम्बा में प्रोत्साहन संस्था व विज़न आई ए एस के सयुंक्त तत्वावधान में प्रशासनिक सेवाओं व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग नवम्बर 2020 से जारी हैं । ज्ञात रहे प्रोत्साहन संस्था एस डी एम श्री शिवम प्रताप सिंह जी ने अपनी स्वर्गीय बहन की याद में बनाई है जो विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कार्यरत है ।

अतः कोचिंग कक्षाओं को शुरू करवाने और जारी रखने का श्रेय चम्बा उपमंडल के उपमंडलाधिकारी (नागरिक) श्री शिवम प्रताप सिंह जी को जाता है । उन्होंने समय समय पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के महत्वकांक्षी अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की है । उन्होंने परीक्षा के तीनों चरणों के बारे में विद्यार्थियों को बताया । इन निःशुल्क कोचिंग के लिए सर्वप्रथम एक छंटनी परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसके बाद चयनित, इच्छुक व महत्वकांक्षी अभ्यर्थियों के लिए इन कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है । कोरोना महामारी के चलते कुछ समय तक कक्षाएं ऑनलाइन चलाई गई, अब पुनः ऑफलाइन आयोजित की जा रही हैं ।चम्बा केंद्र में हिंदी और अंग्रेजी माध्यम की अलग-अलग कक्षाएं आयोजित की जाती हैं । इन कक्षाओं के माध्यम से लगभग 100 विद्यार्थी परोक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे हैं । ज्ञात रहे कि चम्बा उपमंडल के दूरदर्शी एस डी एम चम्बा श्री शिवम प्रताप सिंह जी के कुशल नेतृत्व व सफल मार्गदर्शन व प्रयासों से हिमाचल के नाहन, चम्बा व भारत के अन्य क्षेत्रों में प्रोत्साहन संस्था द्वारा इस तरह के छः निःशुल्क कोचिंग संस्थान चलाये जा रहे हैं जिसमें लगभग 1200 IAS महत्वकांक्षी अभ्यर्थी लाभान्वित हो रहे हैं। श्री शिवम प्रताप सिंह जी व समय समय पर भारतीय प्रशासनिक सेवा के महत्वकांक्षी अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं व प्रेरणादायक सम्बोधन करते हैं।

वह भारतीय प्रशासनिक सेवा के महत्वकांक्षी अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते रहे हैं । वह समय समय पर लोक सेवा परीक्षा के लिए उत्साहवर्धक व प्रेरणादायक सम्बोधन करते रहे हैं। उनका मानना है कि चम्बा जिला को भारत के आकांक्षात्मक जिलों की सूची से शिक्षा और पर्यटन विकास निकाल सकते हैं । उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा लोक सेवा परीक्षा, सिलेबस, निबन्ध लेखन, उत्तर लेखन, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान, लोक प्रशासन इत्यादि विषयों के बारे में विस्तार पूर्वक पढ़ाया है। उन्होने विद्यार्थियों को पढ़ने व तैयारी करने के किये स्थान की कमी व बैठने के लिए पुस्तकालय व रीडिंग रूम की व्यवस्था की ताकि विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए उचित स्थान मिल सके । उन्होंने सभी विद्यार्थियों के लिए लोक सेवा परीक्षा की मुफ्त पुस्तकें दिलवायीं । चम्बा जैसी जगह पर लोक सेवा परीक्षा के लिए निःशुल्क कक्षाओं व बेहतरीन मार्गदर्शन से आने वाले समय में निःसन्देह दूरगामी एवम बेहतरीन परिणाम देखने को मिल सकते हैं । एस डी एम शिवम प्रताप सिंह जी बधाई के पात्र हैं ¡



हैं।



Free coaching for IAS/ HAS by VisionIAS/ Protsahan



**Free coaching for IAS/ HAS by VisionIAS/ Protsahan**



# चंबा में आइएएस परीक्षा की करवा रहे तैयारी

- 'विजन आइएएस' व 'प्रोत्साहन संस्था' दे रही मुफ्त कोचिंग
- एसडीएम चंबा ने भी अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया

संवाद सहयोगी, चंबा : पिछड़े जिला चंबा में प्रतिष्ठित आइएएस कोचिंग संस्थान 'विजन आइएएस' व 'प्रोत्साहन संस्था' की ओर से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए जा रहे हैं। एसडीएम चंबा शिवम प्रताप सिंह के प्रयासों से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करने के लिए संस्था एवं संस्थान की ओर से राजकीय महाविद्यालय चंबा में मुफ्त कोचिंग दी जा रही है।

एसडीएम शिवम प्रताप सिंह • जागरण

चंबा महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षा का ज्ञान हासिल करते छात्र-छात्राएं • जागरण

दैनिक जागरण (06 March 2019

# चंबा कॉलेज में युवाओं को स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित





चंबा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद प्रोफेसर तथा छात्र-छात्राएं • जागरण

**संवाद सहयोगी, चंबा** : चंबा कॉलेज में जिला रोजगार कार्यालय के तत्वाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त चंबा हरिकेश मीणा ने की। इस मौके पर रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने युवाओं को स्वनियोजित व कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी। इसके उपरांत उद्योग विभाग प्रबंधक चंद्रभूषण ने उद्योग विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आइटीआइ) चंबा प्रभारी राहुल राठौर ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के रोजगार की योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया। उपायुक्त हरिकेश मीणा ने राज्य सरकार की योजनाओं, स्वरोजगार, स्वनियोजित रोजगार, कौशल विकास कार्यक्रम, स्वावलंबी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विभिन्न विभागों की भरपूर सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार के प्रति जागरूकता हेतु विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) राजेश शर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी राम प्रसाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राम कमल ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली व विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राजकीय महाविद्यालय चंबा के प्राचार्य डॉ. शिव दयाल, डॉ. महिंद्र सलारिया, प्रो. परविंद्र, प्रो. युगल किशोर, प्रो. अविनाश, प्रो. शेल्ली महाजन, प्रो. विदुषी शर्मा, डॉ. पीके गुप्ता, विज्ञान पर्यवेक्षक राजीव महाजन सहित विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, उपनिदेशक व अधिकारी मौजूद रहे।

16 Nov. 2019

# चम्बा कालेज में पहली बार आयोजित हुआ रोजगार मेला



*चम्बा : चम्बा कालेज में आयोजित रोजगार मेले में मौजूद कालेज के विद्यार्थी।* (किशोर)

चम्बा, 15 नवम्बर (ब्यूरो): शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय चम्बा में हिमाचल प्रदेश श्रम एवं रोजगार विभाग व जिला रोजगार कार्यालय चम्बा के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एस.डी.एम. चम्बा शिवम प्रताप सिंह बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने कहा कि जिला चम्बा के कुशल, दक्ष, पढ़े-लिखे, स्नातक, स्नातकोत्तर व आई.टी.आई. पास युवक-युवतियों के लिए रोजगार प्रदान करने हेतु इस मेले का आयोजन सरकार के आदेश एवं निर्देशानुसार किया जा रहा है। इस मेले में हिमाचल प्रदेश, पंजाब व हरियाणा की लगभग 15 नामी कंपनियों ने अभ्यर्थियों को रोजगार देने हेतु इंटरव्यू लिए। इस मेले में चम्बा जिला के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैंकड़ों अभ्यर्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर जिला रोजगार अधिकारी द्वारा मुख्यातिथि एस.डी.एम. चम्बा शिवम प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि डा. शिव दयाल प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय चम्बा, राहुल राठौर प्राचार्य आई.टी.आई. चम्बा, संदीप नायब तहसीलदार चम्बा, अनिरुद्ध रोजगार अधिकारी ज्वालामुखी को स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रोफैसर राकेश राठौर, डा. ज्योतिन्द्रा ठाकुर, प्रो. परविंद्र कुमार, डा. महिंद्र सलारिया, प्रो. रघुवीर सिंह, प्रो. अविनाश, प्रो. विदुषी, डा. अजय, प्रो. आशीष, प्रो. अनित, डा. मनेश, प्रो. पूर्णिमा, प्रो. हाकम चंद, डा. संतोष, प्रो. वीरेंद्र, प्रो. दिनेश, प्रो. मीनाक्षी, डा. प्रणीता गुरदेल, प्रो. सुमित, प्रो. जितेंद्र, डा. आशीष, डा. सुनील, प्रो. प्रोमिला व प्रो. शिवानी आदि मौजूद रहे।

पंजाब केसरी (23 Feb. 2020)

# कॉलेज के विद्यार्थियों को दी ग्रैजुएट एड-ऑन प्रोग्राम की जानकारी





*चम्बा : चम्बा कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज विद्यार्थी व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रैजुएट एड-ऑन प्रोग्राम के बारे में जागरूक करते फोकल स्किल के प्रतिनिधि।* (छाया)

चम्बा, 22 फरवरी (काकू): चम्बा कॉलेज में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के तत्वावधान में फोकल स्किल ने ग्रैजुएट एड-ऑन प्रोग्राम को शुरू करने के लिए नुक्कड़ नाटक एवं सैमीनार के माध्यम से इस परियोजना के फायदों से छात्रों एवं अध्यापकों को अवगत कराया। ग्रैजुएट एड-ऑन प्रोग्राम का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के फ्लैगशिप प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश के 15 सरकारी डिग्री कॉलेज के अंतिम वर्ष के अंडर ग्रैजुएट छात्रों को सोशल मीडिया मैनेजर एवं एकाऊंट्स एक्सेक्टइव जैसे कोर्स में प्रशिक्षित करना है। इस कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम के ट्रेनिंग को-ऑर्डिनेटर सनी धीमान, फोकल स्किल के स्टेट प्रोजैक्ट को-ऑर्डीनेटर अभिषेक सकलानी एवं सोशल मीडिया एक्सेक्टइव शुभम धीमान मौजूद रहे। कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टाफ ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम, कौशल विकास की अपनी प्रमुख परियोजना के तहत, युवाओं को पर्याप्त संख्या में रोजगार प्रदान करने के लिए एशियाई डिवैल्पमैंट बैंक के साथ हाथ मिलाते हुए ग्रैजुएट एड-ऑन प्रोग्राम को शुरू किया है। प्रदेश के युवाओं को तीन क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाएगा। इसमें मीडिया और मनोरंजन, आई.टी.-आई.टी. एस और बी.एफ.एस.आई. शामिल है। इस परियोजना का लक्ष्य छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार लाना और प्लेसमैंट के अवसर प्रदान करना है।

जानकारी — चंबा कॉलेज में पैनल डिस्किशन के दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों को दिए महत्वपूर्ण टिप्स

# वही विषय चुनें जिसमें हो रुचि : डीसी



पीजी कॉलेज चंबा में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा के लिए आयोजित पैनल चर्चा में उपस्थित जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान (बाएं से) पीजी कॉलेज चंबा के प्रचार्य डॉ. शिवदयाल, एसडीएम चंबा शिवम प्रताप सिंह, उपायुक्त चंबा विवेक भाटिया, एडीसी चंबा मुकेश रेपस्वाल व उनके साथ बैठे सौरभ जस्सल • जागरण

जागरण संवाददाता, चंबा : भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में उम्मीदों को सफलता के रंग भरने के इच्छुक प्रतिभागी विद्यार्थियों के लिए उपायुक्त विवेक भाटिया की पहल पर सोमवार को चंबा कॉलेज के सभागार में पैनल डिस्किशन आयोजित की गई। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त मुकेश रेपस्वाल, एसडीएम शिवम प्रताप और आइएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल व जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह ने छात्रों को विभिन्न उपयोगी जानकारियां प्रदान कीं।

उपायुक्त ने परीक्षा की तैयारियों के लिए गहन योजना, संबंधित विषय का चुनाव, अनुभव व विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियों से उपस्थित छात्रों को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परीक्षा में सफलता के लिए चुने हुए विषय की गहनता के साथ जानकारी होना आवश्यक है। छात्र वही विषय चुनें जिसमें पूर्ण जिज्ञासा व रुचि हो। आत्मविश्वास और दृढ़ इच्छाशक्ति सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए सबसे अहम है। अधिकारियों ने तैयारियों के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं व उनके निदान से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां छात्रों को दी। मंच का संचालन अरविंद सिंह ने किया।

आइएएस प्रोबेशनर सौरभ जस्सल ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय डॉ. शिवदयाल, विभिन्न विभागाध्यक्ष के अतिरिक्त विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।



दैनिक जागरण

# रोजगार मेले में 850 बेरोजगारों ने लिया भाग, 270 को मिली नौकरी






# दृढ़ संकल्प से महिलाएं हासिल करें मुकाम

## चंबा कॉलेज में अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स कार्यक्रम का आयोजन

अपराजिता
100 MILLION SMILES